तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026



10 शिक्षक की मांग पर अमोड़ीपारा प्राथमिक ...



11 छात्र आंदोलन की आड़ में राजनीति कर रहा विपक्ष...






## खबर संक्षेप

### युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने प्रधानमंत्री ने उठाए कदम : पांडेय

जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और



अभूतपूर्व कदम उठाने की घोषणा की है। उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार न केवल त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए हैं, बल्कि दोषियों को 5 से 10 साल की कड़ी सजा, कठोर जमानत शर्तों और दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कठोर प्रावधानों वाले कानून का मसौदा तैयार करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को कभी भी छात्रों के भविष्य या न्याय से कोई लेना-देना नहीं था। वे केवल देश में अराजकता का माहौल बनाना चाहते थे। जब सरकार ने समस्या के जड़ से समाधान के लिए कड़ा कानून बनाने की दिशा में काम किया, तो इण्डी गठबंधन का चेहरा बेनकाब हो गया।

### मन की बात प्रसारण को सांसद विधायक ने सुना



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद ने ग्राम कलचा के पंचायत भवन में ग्रामीणजनों व कार्यकर्ताओं के साथ सुना। किरण देव ने कहा कि मन की बात राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी, नवाचार, स्वदेशी, सेवा और सामाजिक जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरक माध्यम है। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात के जरिये समस्त देशवासियों से सीधा संवाद स्थापित करते हैं और प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करने प्रेरित करते हैं। इस दौरान सुधीर पाण्डेय, बिन्दु साहू, पदलाम नाग, पुरुषोत्तम कश्यप, रजनीश पानीग्राही, महेन्द्र सेठिया, सीमांचल दास, मनोज पटेल, अर्जुन सेठिया, प्रदीप देवांगन, महादेव बघेल, मोहन सेठिया, राधेश्याम पन्द्रे, सुरेश ठाकुर, लक्ष्मी धरत ,संगीता राणा ,बाबू लाल, विकास पात्रो, तपन राय सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेतु सेवा पोर्टल से पहले व्यापारियों से हो चर्चा

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने



बताया कि जिस सेतु सेवा पोर्टल की बात महापौर की टीम और निगम प्रशासन कर रहा है वास्तव में यदि ऐसा है तो यह लूट का एक नया संसाधन साबित होगा। ट्रेड लाइसेंस की शेष पेज 10 पर

# कैडेट्स-स्वयंसेवकों ने कारगिल विजय दिवस पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता डॉ आरएस नेताम एवं कमान्डिंग अधिकारी कर्नल अरुण काण्डपाल के निर्देशन तथा डॉ आरआर कंवर, डॉ सोनाली कर कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना और एमबी तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के शुरूआत में विद्यार्थियों ने मोमबत्ती जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया, वहीं राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स ने सलामी देकर देश के वीर जवानों को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात 1999 के कारगिल युद्ध और ऑपरेशन विजय में भारतीय सेना के अदम्य साहस व संघर्ष को दर्शाती एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की गई। डॉक्यूमेंट्री के तुरंत बाद राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर के विद्यार्थियों के लिए एक ओजस्वी भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने देशभक्ति पूर्ण विचार रखे। इस प्रतियोगिता में डॉ पीएस नेताम, डॉ सुरेश साहू, डॉ शंकरलाल वर्मा एवं डॉ गुंजा ठाकुर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

## भारतीय सेना के अदम्य साहस व संघर्ष को दर्शाती डॉक्यूमेंट्री फिल्म की गई प्रदर्शित

### आद्याशा पाती भाषण स्पर्धा में रही प्रथम

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आद्याशा पाती ने प्रथम, पारस प्रकाश ने द्वितीय तथा सुषमा पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एके ठाकुर सह संचालक अनुसंधान एवं अध्यक्ष डॉ. एनसी मंडावी वैज्ञानिक रहे। इस दौरान डॉ. मंडावी ने कारगिल युद्ध से जुड़े अपने संस्मरण विद्यार्थियों के साथ साझा किए। साथ ही हवलदार सेठिया नूंदा ने भी सेना के अनुशासन, सीमा सुरक्षा और वीरों के बलिदान की गाथाएं सुनाकर छात्रों में देशभक्ति की अलख जगाई।



### विजेता प्रतिभागियों का सम्मान

सफल आयोजन में डॉ. चेतना खांडेकर और सुश्री रिचा धुरंधर की विशेष एवं सक्रिय भूमिका रही। मंच संचालन का दायित्व कु. आद्याशा पाती और वैशाली वर्मा ने निभाया। अंत में भाषण प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट दीपराज साहू ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### वनमंत्री ने बढ़ाया मेधावी विद्यार्थियों का उत्साह, दिए टैबलेट

# विकसित बस्तर की सबसे बड़ी ताकत 'युवा': केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



बस्तर के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देते हुए कारली स्थित छू लो आसमान आवासीय शैक्षणिक संस्था में नीट 2026 में सफल विद्यार्थियों के सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता, परिवहन तथा संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों का सम्मान कर उन्हें टैबलेट प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे बस्तर की प्रतिभा, मेहनत और बदलती शिक्षा व्यवस्था का प्रेरक उदाहरण है। वनमंत्री ने कहा कि एक समय जिन क्षेत्रों को केवल चुनौतियों के लिए जाना जाता था, आज वहीं के युवा अपनी प्रतिभा और परिश्रम से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह बदलते बस्तर की सकारात्मक तस्वीर है, जिस पर पूरे प्रदेश को गर्व है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल शिक्षा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को उसके लक्ष्य तक पहुँचाने के लिए आवश्यक वातावरण और संसाधन उपलब्ध कराना है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह सफलता उनके जीवन की मंजिल नहीं है उन्हें आगे सेवा, समर्पण और उत्कृष्टता की नई यात्रा की शुरूआत करनी है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन, जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

■ प्रतिभाओं को मिलेगा सरकार का पूरा सहयोग



### भविष्य में और प्रतियोगी परीक्षा में दिलाएगी सफलता

वनमंत्री श्री कश्यप ने छू लो आसमान संस्था के शिक्षकों, मार्गदर्शकों एवं अभिभावकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पित प्रयासों ने वनांचल के अनेक विद्यार्थियों को डॉक्टर बनने के सपने के और करीब पहुंचाया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में यह संस्था बस्तर के और अधिक युवाओं को चिकित्सा एवं अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाएगी।

### 24 विद्यार्थियों का नीट में चयन

संस्था के परिणामों के अनुसार नीट 2026 में 24 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर चिकित्सा शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि बस्तर अंचल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की मेहनत और संस्थान के समर्पित मार्गदर्शन का सशक्त प्रमाण है।

# नगर निगम स्पीकर का रवैया पक्षपातपूर्ण : चौधरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने शनिवार को राजीव भवन में पत्रकार वार्ता में नगर निगम के स्पीकर पर आरोप लगाया कि वे नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सामान्य सभा में जो प्रस्ताव पारित होता है उसकी एक एक कॉपी सभी को देनी चाहिए । वहीं जनहित के मुद्दे जैसे खंडपीठ को जगदलपुर लाने की बात को खारिज कर दिया जाता है। स्पीकर का पूरा समर्थन सत्ता पक्ष को मिलता है। जबकि स्पीकर को भेदभाव नहीं करना चाहिए। अध्यक्ष के इस पक्षपात पूर्ण रवैए और सदन की गरिमा बनाए रखने की शिकायत आज विपक्ष के पार्षदों ने प्रतिनिधि मंडल के रूप में कलेक्टर से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। श्री चौधरी ने कहा पार्षदों का वेतन और कर्मचारियों का वेतन एक महीने का नहीं दिया जा रहा है। निगम की यह सरकार केवल लेना जानती है देना नहीं जानती। कुछ दिन पूर्व महापौर ने कहा था कि एक मुश्त टैक्स शेष पेज 10 पर

■ कलेक्टर से शिकायत कर कांग्रेस पार्षदों ने कहा- स्पीकर की भूमिका से भाजपा को हो रहा लाभ

### स्मार्ट मीटर में ज्यादा बिल, उखाड़कर पुराना लगाएं

स्मार्ट मीटर के बारे में श्री चौधरी ने कहा कि नगर में लगे स्मार्ट मीटर में बिल अधिक आ रहा है। इस संबंध में विद्युत विभाग को ज्ञापन दिया जा चुका है। अगर विभाग पुराने मीटर नहीं लगाता है तो कांग्रेस पार्टी नए मीटर को उखाड़ कर विद्युत विभाग के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेगा। इसके लिए कांग्रेस पार्टी योजना बना रही है। इस अवसर पर निगम में उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, जिला महामंत्री अभिषेक नायडू, राकेश मौर्य, लोकेश चौधरी, गौर नाथ नाग, सूर्या पानी सहित पार्षद एवं अन्य उपस्थित थे।

# टूआईसी सीआरपीएफ ने जवानों को दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सीआरपीएफ 212 बटालियन मुख्यालय एटापक्का परिसर में सोमवार को अधिकारियों व जवानों ने धूमधाम से 88 वीं वर्षगांठ मनाया। इस अवसर पर दिन में दिन में खेलकूद व संध्या के समय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी व कमाण्डेंट एओडी शमीमुद्दीन शेख ने सलामी ली। कार्यक्रम की शुरूवात बटालियन अधिकारियों एवं जवानों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजली देकर की गई। इसके उपरांत क्वार्टर गार्ड में टूआईसी शमीमुद्दीन शेख द्वारा सलामी ली गई तथा जवानों को सीआरपीएफ के उपलब्धियों के बारे में बताया गया और इस अवसर पर विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे उन्होंने सीआरपीएफ द्वारा मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओ के संबंध में सभी को अवगत कराया और मिठाई वितरण किया। इसके उपरांत बटालियन परिसर में खेलकूद स्पर्धा का आयोजन किया गया और संध्या के समय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा रात्रि मे बड़ा खाना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शमीमुद्दीन शेख द्वितीय कमान अधिकारी, कमाण्डेन्ट (एओडी) के दिशा निर्देश में कराया गया। इस अवसर पर दिनेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन, गौरव शर्मा, उप कमाण्डेंट, राकेश लामा, सहायक कमाण्डेंट तथा बटालियिन के अन्य अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

■ दिन में खेलकूद व संध्या रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# बस्तर की बेटी अर्चिता ने ऑल इंडिया फोक डांस में लहराया परचम



**जगदलपुर।** बस्तर की प्रतिभाएं लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। इसी कड़ी में शहर की कु. अर्चिता टोप्पो ने बिलासपुर में आयोजित ऑल इंडिया फोक डांस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, के साथ बस्तर जिले का मान बढ़ा है। सी.एस.बी. कॉलोनी निवासी अर्चिता टोप्पो ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति, पारंपरिक लोकनृत्य की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास से निर्णायकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच कड़े मुकाबले के बीच उसे पहला स्थान मिला है। इसका श्रेय गुरु प्रियांशी ठाकुर को देते कहा कि उनकी मेहनत, मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से ही इस मुकाम तक पहुंची हूं।

# खेती किसानी के साथ गांव-गरीब की समस्याओं पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने तोकापाल ब्लॉक अंतर्गत रायकोट पंचायत में किसान महापंचायत का आयोजन किया। किसानों ने खाद, बीज, सिंचाई, खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं के साथ जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंता किया गया। संगठन ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु अधिकारियों के समक्ष प्रभावी रूप से आवाज उठाने का निर्णय लिया। यूनियन पदाधिकारियों ने गांव का भ्रमण कर पुलिया, आंगनवाड़ी, विद्यालय तथा अन्य शासकीय भवनों का शेष पेज 10 पर

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संभागीय प्रभारी सोनू कश्यप, जिला अध्यक्ष रमेश गोयल, जिला उपाध्यक्ष मानसिंह नेम, जयंत राम साहू ग्रामीण जिला अध्यक्ष जगदू राम कश्यप, मंडल अध्यक्ष बबलू बघेल, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, लच्छीन, सुरेन्द्र उपसरपंच, बामन कश्यप राजेंद्र मंडावी पंडरु जी देवा कश्यप सका राम मंगलू पंच, मीडिया प्रभारी डमरू कुंजाम जी, मीडिया प्रभारी आर के कश्यप सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।






## कलेक्टर और एसपी ने ज्ञानगुड़ी में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नए सत्र का किया शुभारंभ

# 'असफलता' किसी व्यक्ति की काबिलियत का अंतिम पैमाना नहीं : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



निःशुल्क कोचिंग संस्थान ज्ञानगुड़ी में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ शनिवार को हुआ। संस्थान में एसएससी, व्यापमं और रेलवे जैसी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से संवाद किया तथा जीवन व परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के व्यावहारिक गुर सिखाए। ज्ञानगुड़ी के इस नए सत्र से क्षेत्र के मध्यम व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभावान छात्रों के शासकीय सेवाओं में जाने के सपनों को एक नई दिशा और उड़ान मिलेगी। कलेक्टर ने परीक्षार्थियों को केवल एक सीट को अपना लक्ष्य बनाकर पूरे पाठ्यक्रम के अनुसार समयबद्ध योजना बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान मस्तिष्क को भ्रमित न होने दें, पूरे सिलेबस को कवर करें, शांत मन से अपने स्वयं के नोट्स बनाएं और अपने तरीके से अध्ययन करें। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आपकी महीनों की लगन, निरंतरता और उत्तर-पुस्तिकाओं का निचोड़ अंततः केवल एक पन्ने की ओएमआर शीट में दिखाई देता है, इसलिए अनुशासित रहकर की गई कड़ी मेहनत और नियमित रिवीजन के बल पर कोई भी सामान्य छात्र किसी भी प्रतिभाशाली अभ्यर्थी की बराबरी आसानी से कर सकता है। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने युवाओं को तैयारी के दौरान किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन के लिए बेझिझक संपर्क करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा शेष पेज 10 पर

### आत्मविश्वास डगमगाने पर एक साल पीछे होना पड़ा

पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए आत्मविश्वास के महत्त्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन का अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे एक बार पर्याप्त तैयारी होने के बावजूद, केवल आत्मविश्वास डगमगाने के कारण परीक्षा में चूक गए थे। और एक साल पीछे होना पड़ा था। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए स्पष्ट किया कि प्रतियोगी परीक्षाओं का पाठ्यक्रम भले ही कितना भी विस्तृत क्यों न हो और अभ्यर्थी कितनी भी लगन से पढ़ाई कर ले, लेकिन यदि परीक्षा कक्ष में स्वयं पर विश्वास नहीं रहेगा तो अनजाने में त्रुटि होना स्वाभाविक है। इसलिए, कठिन परिश्रम के साथ-साथ मन में मजबूत आत्मविश्वास बनाए रखना ही सफलता का वास्तविक मार्ग है।

## खबर संक्षेप



### सेवा सेतु से आसान हुईं सरकारी सेवाएं, मुकेश को मिला ऑनलाइन विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र

**केशकाल।** राज्य सरकार की डिजिटल सुशासन पहल के तहत सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं को तेज, पारदर्शी और सरल बना रहा है। केशकाल विकासखंड के ग्राम खुटपदर निवासी मुकेश कुमार नेताम और उनकी पत्नी मेहतरीन नेताम ने इसका लाभ उठाते हुए ऑनलाइन विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया। विवाह पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज सेवा सेतु पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कर आवेदन किया गया। सत्यापन के बाद निर्धारित समय–सीमा में प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया, जिससे कार्यालयों के बार–बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। मुकेश नेताम ने बताया कि विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र मिलने से विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजी कार्यों में सुविधा मिल रही है। सेवा सेतु पोर्टल ने पूरी प्रक्रिया को सरल और उपयोगकर्ता–अनुकूल बना दिया है। मुकेश नेताम ने जिले के नागरिकों से सेवा सेतु पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि इससे समय, श्रम और अनावश्यक खर्च की बचत होती है। उन्होंने इस सुविधा के लिए शासन–प्रशासन के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

### छात्रा टेसू पल्लवी का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन



**केशकाल।** शिप्रा विद्यालय की कक्षा 8 वीं की मेधावी छात्रा टेसू पल्लवी पिता कौशल कुमार नेताम का चयन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ है। यह चयन प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर हुआ है। टेसू पल्लवी ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय की प्राचार्या रुचिरा मुखर्जी ने बताया कि टेसू शुरू से ही पढ़ाई में तेज और अनुशासित छात्रा रही है। टेसू पल्लवी केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक कृष्ण कुमार ध्रुव की नातिन हैं। टेसू पल्लवी ने अपने उपलब्धि का श्रेय माता पिता एवं शिप्रा विद्यालय के गुरुजन को दिया है।

### उमरगांव हाईस्कूल में लगा विधिक जागरुकता शिविर



कोण्डागांव। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शासकीय हाई स्कूल उमरगांव में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और विभिन्न कानूनों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। अधिकार मित्र गुलशन नेताम ने छात्र–छात्राओं को भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों, शिक्षा का अधिकार, बाल संरक्षण कानून, पॉक्सो अधिनियम, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। शिविर में विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के जोखिम और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही किसी भी प्रकार के शोषण या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों से कानून का सम्मान करने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार कोर्राम, समस्त शिक्षकगण, अधिकार मित्र गुलशन नेताम एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर जैतपुरी स्कूल में स्वच्छता का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर स्वच्छ भारत का संकल्प लिया। जिला संगठक शशि भूषण कन्नौजे के निर्देशन एवं प्राचार्य राजेश पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी श्री तिवारी ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**स्वच्छ भारत और शहीदों के आदर्शों पर चलने का संकल्प :** कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छ भारत के निर्माण में निरंतर योगदान देने तथा कारगिल के अमर शहीदों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रवेश साहू का विशेष योगदान रहा।



## समस्या : वार्ता विफल, आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

# शिक्षक की मांग पर अमोड़ीपारा प्राथमिक शाला में तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड के ग्राम अमोड़ीपारा राँधना स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षकों की कमी को लेकर सोमवार को पालकों का आक्रोश फूट पड़ा। नाराज पालकों ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया और शिक्षक की तत्काल पदस्थापना की मांग की। तालाबंदी के चलते विद्यालय का संचालन प्रभावित रहा।

पालकों का कहना है कि विद्यालय पिछले तीन वर्षों से शिक्षक संकट से जूझ रहा है। मूल पदस्थ प्रधान पाठक श्रीमती गीता पांडे के संलग्नीकरण के बाद बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है। कई बार अधिकारियों को शिकायत और मांगपत्र देने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं होने से पालकों ने तालाबंदी का कदम उठाया। सूचना मिलने पर दोपहर करीब 12 बजे विकासखंड शिक्षा अधिकारी माकड़ी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पालकों से चर्चा कर तालाबंदी समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन वार्ता बेनतीजा रही। पालकों ने स्पष्ट कहा कि जब तक विद्यालय में शिक्षक की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक ताला नहीं खोला जाएगा और आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर फरसगांव थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ , राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी भी मौजूद रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। शिक्षकों की कमी को लेकर पालकों के इस विरोध ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था और शिक्षक उपलब्धता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### उच्च अधिकारियों को कराया अवगत

विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन ने बताया कि तालाबंदी की सूचना मिलने पर वे तत्काल विद्यालय पहुंचे थे। ग्रामीणों से चर्चा की गई, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि पूरे मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वनमंत्री ने ग्राम पंचायत भवन और महतारी सदन का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने जनपद पंचायत कोंडागांव के ग्राम मर्दापाल में नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन एवं महतारी सदन का लोकार्पण कर ग्रामीणों को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने दोनों भवनों को ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

वन मंत्री ने लगभग 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित ग्राम पंचायत भवन तथा लगभग 25 लाख रुपए की लागत से बने महतारी सदन का लोकार्पण किया। महतारी सदन में मंत्री ने बिहान स्व–सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनकी आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं को फलदार पौधों का रोपण, पशुपालन और अन्य आयवर्धक कार्य अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी योजनाएं संचालित कर रही है।

### ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण पर जोर

वन मंत्री ने कहा कि महतारी सदन महिला स्व–सहायता समूहों की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा और ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सरस्वती सायकिल योजना : 59 छात्राओं को मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राज्य शासन की सरस्वती सायकिल वितरण योजना के तहत शहर में 59 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरित की गई। वितरण कार्यक्रम पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महात्मा गांधी वार्ड में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने छात्राओं को सायकिलें वितरित कर उन्हें नियमित अध्ययन और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि यह योजना छात्रओं की विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, आवागमन की सुविधा बढ़ाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### जनप्रतिनिधि, शिक्षक और अभिभावक रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, मनीष देवांगन, पार्षद श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, सुश्री सोनामणि पोयाम, श्रीमती सुषमा खोबरागड़े, विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# सड़क बनी खेत, कांग्रेस ने धान रोपकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर/छोटेडोंगर

■ छोटेडोंगर की बदहाल सड़कों पर उठे सवाल



नारायणपुर जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक मुख्यालय छोटेडोंगर की बदहाल सड़कों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश कश्यप के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जर्जर सड़क पर धान की रोपाई कर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया।

कांग्रेस का आरोप है कि छोटेडोंगर की मुख्य सड़क तथा पद्मश्री सम्मानित वैद्यराज मांझी के निवास ग्राम मुंडाटिकरा जाने वाली सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर खेत जैसी स्थिति में पहुंच गई है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ग्राम पंचायत की सरपंच संध्या पवार वर्तमान में भाजपा की जिला अध्यक्ष भी हैं, ऐसे में लोगों को विकास की उम्मीद थी, लेकिन सड़कें बदहाली की मिसाल बनी हुई हैं। कांग्रेस ने यह भी कहा कि अमदाई स्थित जायसवाल निको माइनिंग से प्रतिदिन लगभग 250 से 300 भारी वाहनों का आवागमन होता है। कंपनी का कार्यालय भी छोटेडोंगर में स्थित है, इसके बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी। तहसील कार्यालय, थाना, ग्राम पंचायत भवन, बालक छात्रावास और आईटीआई के सामने की सड़क भी गड्ढों और कीचड़ से भरी हुई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश कश्यप ने कहा कि यदि ब्लॉक मुख्यालय की यह स्थिति है, तो क्षेत्र के अन्य गांवों के विकास का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग करते हुए भाजपा सरकार पर विकास कार्यों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान, राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ संरक्षण के लिए प्रभावी एवं कठोर कानून बनाने सहित अन्य मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत सोमवार को कोंडागांव मे केशकाल से छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य ईश्वर नारायण सिंह के नेतृत्व में जिले के गौ सेवकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ संरक्षण के लिए प्रभावी एवं कठोर कानून बनाने तथा निराश्रित गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के सदस्य ईश्वर नारायण सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि गौवंश की सुरक्षा, संवर्धन एवं संरक्षण के लिए सशक्त कानून बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से गौ संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभियान से जुड़े गौ सेवक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर केशकाल ब्लाक से फूलचंद सोरी,अर्जुन सोरी, नकुल सलाम, बीरबल साहू, एवं कोदोभाट ग्राम से माताए उपस्थित थी।

न्यायालय तहसीलदार बस्तर
जिला-बस्तर (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./क/ब-121/2025-2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दिनेश बघेल पिता/पति स्व. श्रीधर बघेल जाति भतरा निवास ग्राम बस्तर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं/पुत्र/पुत्री/पिता/स्व. श्रीधर बघेल पिता/पति स्व. गोबर की माता/पिता मृत्यु दिनांक 10/04/2024 को ग्राम बस्तर में होना बताते हुए मृत्यु होने से/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 10/08/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
बस्तर

प्ररूप (तीन)
शपथ पत्र का प्ररूप
(50 रू का नॉन-जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर)

मैं **बजनू गारडी** (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी लच्छन गारडी निवासी केरलापाल एतद्द्वारा मै पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ :-

1. मैं ग्राम केरलापाल तहसील व जिला नारायणपुर का स्थायी निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम **बजनू गारडी** है और मैं अपना नाम बदलकर (नया नाम) **बजनू राम** करवाना चाहता/चाहती हूँ।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता/करती हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी ।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं/रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं/रही हूं।

## पेज 9 के शेष

### नगर निगम स्पीकर ...

देने पर ब्याज नहीं लिया जाएगा। जबकि ऐसा नहीं हो रहा है। पूरा ब्याज लिया जा रहा है। निगम के कर्मचारियों से जब इस संबंध में चर्चा हुई तो, कर्मचारियों ने कहा इस संबंध में अभी कोई लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। अवैध कब्जे के बारे में बताते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चांदनी चौक के पास एक व्यक्ति ने सरकारी बिल्डिंग पर कब्जा कर उसके ऊपर दूसरी मंजिल बना ली निगम प्रशासन सोया हुआ है। ऐसा ही रहा तो वहां की बची 8 बिल्डिंग पर भी लोगों द्वारा कब्जा कर लिया जाएगा।

### खेती किसानी के साथ ...

निरीक्षण किया तथा उनकी स्थिति से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया। महापंचायत में संगठन विस्तार के अंतर्गत नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई। जगन्नाथ देवांगन को संगठन मंत्री तथा रूबेंद्र कश्यप को जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया। पदाधिकारियों एवं किसानों ने नवनियुक्त साथियों का स्वागत करते हुए संगठन को अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### सेतु सेवा पोर्टल ...

जहां तक बात करें तो सबसे पहले ट्रेड लाइसेंस के क्या-क्या दस्तावेज लगेंगे और ट्रेड लाइसेंस बनाना क्यों आवश्यक है यह शहर के व्यापारियों को अवगत कराना चाहिए। एकाएक उन्हें बिना जानकारी के सीधा पोर्टल संचालक के पास भेजा जाता है तो कई लोक सेवा केंद्रों में हितग्राहियों से वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा नगर प्रशासन को चाहिए कि ट्रेड लाइसेंस के बारे में पहले व्यापारियों तक नियम और शर्तें पहुंचाने का प्रयास करें । राशन कार्ड के आवेदन को कर्मचारियों, अधिकारियों को ही सत्यापित करना है तो फिर जनता से अवैध रूप से वसूली के लिए इस प्रकार का पोर्टल निर्मित करना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है।

### 'असफलता' किसी व्यक्ति ....

कि किसी एक परीक्षा में असफलता मिलने पर निराश होने की तनिक भी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि कोई भी एक परीक्षा किसी व्यक्ति की काबिलियत का अंतिम पैमाना नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में योगदान देने और आगे बढ़ने के अनगिनत रास्ते खुले हैं। यदि मन का काम हो तो अच्छा, और न हो तो उससे भी अच्छा मानना चाहिए, क्योंकि प्रकृति ने निश्चित रूप से आपके लिए कुछ और बेहतर सोच रखा होता है। हमेशा अपने हौसले बुलंद रखने की सलाह देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल प्रशासनिक सेवा ही नहीं, बल्कि एक व्यापारी भी अपने कार्य से समाज की सेवा कर रहा है, इसलिए सबसे महत्वपूर्ण बात मन में देश व समाज के लिए योगदान देने की इच्छा होना है।

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नए पुलिस अधीक्षक ने संभाला कार्यभार



**बीजापुर।** जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक इससे पूर्व रायपुर मध्य जोन में पुलिस उपायुक्त के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर जिले की कानून-व्यवस्था एवं पुलिस व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रारंभिक चर्चा की।

### पशुपालकों को मिलेगा बेहतर पशु चिकित्सा सुविधा का लाभ



**बीजापुर।** जिला के विकासखंड उसूर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरकीनार के आश्रित ग्राम मोदकपाल में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हो गई। आज ग्राम मोदकपाल पशु औषधालय का शुभारंभ ग्राम पंचायत के उपसरपंच सदाशिव अलसा ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की पंच अनीता अंगनपल्ली, जव्वा शंकर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। नव स्थापित पशु औषधालय मोदकपाल से लगभग 8 किलोमीटर के दायरे में स्थित मुर्कीनार, संड्रेल, पावरेल, पुसगुड़ी, नुकनपाल सहित आसपास के अनेक गांवों के पशुपालकों को लाभ मिलेगा। यहां पशुओं के उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण, टीकाकरण, रोग नियंत्रण, परामर्श एवं अन्य पशु स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे क्षेत्र में पशुपालन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पशुपालकों की आय में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग जिला बीजापुर के उपसंचालक डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. शिव शंकर करनम, डॉ. सुरेश कुमार साहू, डॉ. विकास कुमार मेश्राम पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ तथा सुश्री अंबिका कांगे सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पशु औषधालय मोदकपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### शाला के नए भवन से छात्राओं को मिली बेहतर शिक्षा

**बीजापुर।** जिला के विकासखंड भैरमगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में कन्या शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का नवीन भवन तैयार हो गया है। पहले विद्यालय भवन के अभाव में छात्राओं को अस्थायी एवं कच्ची पाठशाला में अध्ययन करना पड़ता था, जिससे पढ़ाई में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत नए विद्यालय भवन के निर्माण से छात्राओं को सुरक्षित, सुविधायुक्त एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। विद्यालय भवन का निर्माण 2025-26 में प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आधार पर प्रारंभ किया गया, जो वर्ष 2026-27 में पूर्ण हो चुका है।

## 31 मार्च के नक्सलमुक्त के बाद बस्तर में बदली परिस्थितियां

# छात्र आंदोलन की आड़ में राजनीति कर रहा विपक्ष : टिकरिहा

लीलाधर राठी ▸▸ सुकमा



जंतर मंतर में युवाओं व छात्रों का जो प्रोटेस्ट है, उसका विरोध कहीं पर भारतीय जनता पार्टी ने नहीं किया और समय-समय पर अधिकार मांगना, उसका विरोध करना और प्रदर्शन करना ये छात्रों व युवाओं का एक विशेष अधिकार होता है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका गलत फायदा उठा कर राजनीतिकरण कर दिया जो कहीं से भी ठीक नहीं था। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के बस्तर प्रवास के दौरान सुकमा में खास चर्चा की।

■ भाजपा के प्रति युवाओं में अलग ही तरह का जोश व जुनून : भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष

प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद आपकी सबसे बड़ी प्राथमिकता क्या है?

सबसे बड़ी प्राथमिकता है कि भारतीय जनता पार्टी का जो स्तंभ है, क्योंकि युवा ही सबकी पार्टी की रीढ़ की हड्डी कही जाती है। मेरा उद्देश्य पूर्व से रहा है कि मैं युवा मोर्चा को मजबूत करूँ और युवा मोर्चा को मजबूत करने के लिए ही लगातार, जब से मैं बना हूं प्रवास ही कर रहा हूँ। मैं आपको बता दूँ कि आज की स्थिति में करीब मुझे 48 दिन हो गए, मैं अपने गांव नहीं जा पाया हूँ, घर नहीं जा पाया हूँ और बल्कि मेरा जो घर है रायपुर से महज तीस किलोमीटर की दूरी में है।

एक सूत्रीय और एक उद्देश्य के साथ मैं चल रहा हूँ कि मैं ज्यादा से ज्यादा युवा मोर्चा के साथियों को जोडूँ और हम तीन दिनों में ऑनलाइन जो हमारा क्यूआर कोड है और वेबसाइट है उसके माध्यम से 18 हजार से ज्यादा लोगों ने उसकी सदस्यता ग्रहण किया, सर्टिफिकेट जनरेट किया है।

प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं के लिए युवा मोर्चा की क्या योजना है?

देखिए भाजपा में उनको जोड़ना अपने आप में बड़ा अभियान है। बीजापुर से जगरगुंडा, पुवर्ती, सिलगेर जैसे क्षेत्रों से युवा जुड़ रहे है। भाजपा के प्रति युवाओं में अलग ही तरह का जोश व जुनून नजर आ रहा है। 31 मार्च के नक्सलमुक्त के बाद परिस्थितियां काफी बदली है। इन्हे मोर्चे के साथ जोड़ कर क्षेत्र की प्रगति में सहभागी बनाऐंगे।

प्रदेश सरकार के आधे कार्यकाल को किस रूप में देखते है ?

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की ढेरों योजनाएं चल रही है, चाहे प्रधानमंत्री आवास की योजना हो, राशन निशुल्क देने का विषय हो, महतारी वंदन का विषय हो, ऐसे तमाम कई महत्वपूर्ण योजनाएं हैं जो उन तक कभी पहुंची नहीं, न उन तक कभी प्रशासन पहुंची, न हमारे कार्यकर्ता पहुंचें। लेकिन अब अमित साह के मार्गदर्शन और गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व के बाद जिस प्रकार से नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ हुआ है और छत्तीसगढ़ के जो प्रमुख प्रभावित जिले दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा व नारायणपुर में योजना भी पहुंचा रहे हैं और वहां के युवाओं को मुख्यधारा में जोड़ते हुए युवा मोर्चा का सदस्यता भी दिला रहे हैं।

अगले एक वर्ष में आपका सबसे बड़ा लक्ष्य क्या है?

मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य है एक बूथ में 20 युवा, वन बुथ ट्वंटी युथ होगा और आने वाले जनवरी फरवरी में लाखों की संख्या में युवाओं का बड़ा सम्मेलन होगा और इस अभियान में हम निकल पड़े है। हमारे प्रदेश के मंत्री इस हेतु पूरी तरह से सक्रिय हो चुके है।

विपक्ष युवाओं के मुद्दे पर सरकार पर सवाल उठा रही ?

जंतर मंतर में युवाओं व छात्रों का जो प्रोटेस्ट है, उसका विरोध कहीं पर भारतीय जनता पार्टी ने नहीं किया और समय-समय पर अधिकार मांगना, उसका विरोध करना और प्रदर्शन करना ये छात्रों व युवाओं का एक विशेष अधिकार होता है, वो कर रहे हैं इसका विरोध भारतीय जनता पार्टी कहीं पर नहीं कर रही, लेकिन छात्र आंदोलनों में घुसकर अपने अस्तित्व को जिंदा करने का जो प्रयास विपक्ष कर रही है, चाहे वो कांग्रेस पार्टी हो, चाहे आम आदमी पार्टी है, चाहे वो लेफ्ट पार्टी का विषय हो, जेएमयू में जो टुकड़े-टुकड़े जो गैंग है, वो वहां पर बैठकर सरकार के खिलाफ छात्रों को बरगला रहा है।

सीधी भर्ती से युवाओं को कितना लाभ मिलेगा?

ये खास और बड़ी बात है कि बस्तर की सुरक्षा की कमान युवाओं के हाथों में सौंपी जा रही है। इसके लिए, करीब 5000 बस्तर फाइटर की सीधी भर्ती की जा रही है, इससे बस्तर को लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा जब चुनाव लड़ी, चुनाव जीती गारंटी के तहत जब हम उतरे थे, तो हमारा जो मांग था और जो मांग पत्र में हमने बिंदु जो शामिल किए थे, उसमें स्पष्ट यही था कि हम युवाओं को प्राथमिकता देंगे, उनके हित की चिंता करेंगे। आपको ध्यान होगा, कि कांग्रेस सरकार ने एक भी रोजगार जारी नहीं की, कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ भेदभाव किया, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं को पैसा पहुंचाने के लिए राजीव मितान क्लब जैसे कई योजना उन्होंने चालू की और जो पढ़े-लिखे युवा हैं, उनके साथ सिर्फ और सिर्फ छलावा किया, धोखा किया और तो और पिछली कांग्रेस सरकार ने पीएससी को इन्होंने गंदा किया, सत्रह ऐसे टॉपर सामने आये जो अधिकारी और कांग्रेसी नेता के बेटे, भाई और भतीजे थे, परिवार के लोग थे। तो हमारा मांग था कि हम उसमें सीबीआई जांच करेंगे।

## 27वें कारगिल विजय दिवस पर वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम

कारगिल युद्ध में भारत की विजय के 27 वर्ष पूरे होने पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद भैया-बहनों और आचार्यों ने देशभक्ति गीत, भजन और झांकी के माध्यम से शहीद जवानों को नमन किया। विद्यालय के छोटे-छोटे भैया-बहनों ने फौजी वेशभूषा में आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें जैसे देशभक्ति गीतों पर पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से भर गया। इस मौके पर आचार्य दीदियों ने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताई।

## सीआरपीएफ ने स्थापना दिवस गौरवशाली अतीत को याद करते मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा



219वीं वाहिनी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ इंजराम स्थित अपने मुख्यालय में 88वां सीआरपीएफ दिवस मनाया। डीआईजी राजेश पांडे कोंटा रेंज के मार्गदशन में कमांडेंट पार्थ सारथी घोष के निर्देशन पर बल के सभी जवानों हर्षोल्लास के साथ सीआरपीएफ स्थापना दिवस मनाते हुए वीर शहीदों को याद किया। इस अवसर पर आला अधिकारियों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात द्वितीय कमान अधिकारी कमाण्डेन्ट एओएल द्वारा क्वार्टर गार्ड में गार्ड की सलामी ली। कमाण्डेन्ट एओएल कर्मवीर सिंह यादव ने 88वां स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में बल की महत्ता एवं गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की नींव मूलतः क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के नाम से 27 जुलाई 1939 को मध्य प्रदेश के नीमच में रखी गई थी। उन्होंने देश में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका तथा बल की गौरवशाली पराक्रम गाथाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हमें अनेकों प्रकार के दायित्वों के सफलतापूर्वक निर्वहन हेतु सदैव तैयार रहना है तथा राष्ट्र की आशाओं एवं आकांक्षाओं पर खरा उतरना है। इस अवसर पर मुख्यालय एवं समवाय स्थलों पर खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं बड़ा खाना का आयोजन भी किया गया । कार्यक्रम के दौरान अनुराग राज द्वितीय कमान अधिकारी, अभय कुमार श्रीवास्तव उप कमाण्डेन्ट, काना राम चौधरी उप कमाण्डेन्ट, डॉ. एम.सुप्रिया एसएमओ एवं शंकर लाल मीणा सहायक कमांडेंट सहित सभी अधिकारीगण एवं अधिनस्थ अधिकारीगण तथा जवान उपस्थित रहें।

■ 219वी बटालियन इंजराम मुख्यालय में वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

### 217 वाहिनी ने भी मनाया उत्साह व धूमधाम से स्थापना दिवस

कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में बीते लम्बे समय से सेवा दे रही सीआरपीएफ 217 वाहिनी ने उत्साह व धूमधाम से सीआरपीएफ स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कमांडेंट विजय शंकर ने देशहीत के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। सम्बोधन में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना बल के गौरवशाली इतिहास उपलब्धियों और देश की आंतरिक सुरक्षा में बल की महत्वपूर्ण भूमिका तथा बहादुरी के लिये पदक विजेताओं का नाम पढ़कर उपस्थित राजपत्रित अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों और जवानों के साथ साझा किया तथा सभी जवानों को बल के लिए बेहतर कर्तव्य निर्वहन हेतु प्रेरित किया तथा मिठाई का वितरण किया। इस शुभ अवसर पर वाहिनी मुख्यालय सहित समवाय बी 217 पलोड़ी,सी 217 सालाटोंग, ई 217 धर्मापेंटा एफ 217, तुमालभट्टी, जी 217, वेलकनगुड़ा कैम्प परिसर में वृक्षारोपण कर जवानों ने पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर विरेन्दर कुमार,नीर सिंह मीणा, द्वितीय कमान अधिकारी, विजय कुमार, राणा नवीन, प्रदीप कुमार पाठक, डी. राजा ईलमपरिथि उप कमाण्डेन्ट डॉ. मंदीप सिंह ,डॉ. अजय कुमार मीणा सहित वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों उपस्थित रहे।

## बब्लू सिद्दीकी अध्यक्ष व बिप्लव मल्लिक सचिव चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ किरंदुल




लौहनगरी किरंदुल में किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के दो वार्षिक चुनाव संचालन कमेटी मनीष गुरु, रविंद्र सोनी, सुरेंद्र नायर, अमित सिंह, बजरंगबली पांडे के कमेटी ने अधिवक्ता दिनेश सिंह राठौर को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया।

दो वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसके तहत अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों ने सचिव पद पर, दो प्रत्याशियों ने उपाध्यक्ष पद पर, 6 प्रत्याशियों ने सह सचिव पद पर, 4 प्रत्याशियों ने कोषाध्यक्ष पद पर, 3 प्रत्याशियों ने और कार्यालय सच्ची पद पर दो प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म लिया था।

■ नवनिर्वाचित पदाधिकारी को दिया गया जीत का प्रमाण पत्र

नामांकन जमा करने के पश्चात नाम वापसी के दिन संगठन को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए सभी प्रत्याशियों ने आपस में बैठक कर संगठन के हित में एक मजबूत और सशक्त पैनल बनाया गया और बाकी प्रत्याशियों ने चुनाव से अपना नाम वापस लिया जिससे चुनाव प्रणाली के तहत बाकी सभी पदों पर सर्वसम्मति पदाधिकारी चुने गए। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर बबलू सिद्दीकी, सचिव पद पर बिप्लव मल्लिक को चुना गया। उपाध्यक्ष मंगल कुंजाम एवं अमलेन्दु चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष शशि भूषण (बबलू) तिवारी, सह सचिव अमृत टंडन एवं सुजीत पिल्लई, कार्यालय सचिव तपन दास को निर्वाचित हुए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को चुनाव अधिकारी अधिवक्ता दिनेश सिंह राठौड़ एवं चुनाव संचालन कमेटी के सदस्यों ने जीत के बाद पुष्प हार पहनकर जीत का प्रमाण पत्र दिया

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि एसोसिएशन एबीसी तीनों वर्ग के ठेकेदारों के साथ समानता का व्यवहार करेगी और उनके अधिकारों, सम्मान व हितों की रक्षा के लिए कार्य करेगी। संगठन का उद्देश्य सभी ठेकेदारों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा प्रशासन के समक्ष उनकी मांगों को प्रभावी ढंग से उठाना है।

अध्यक्ष बब्लू सिद्दीकी ने कहा कि सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करेंगे। संगठन तीनों वर्ग के ठेकेदारों में भेदभाव नहीं करेगा। सभी को समान अवसर और सम्मान दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

सचिव बिप्लव मल्लिक ने कहा कि संगठन की मजबूती ही ठेकेदारों की सबसे बड़ी ताकत है। संगठन के वित्तीय कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाएगी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को ठेकेदारों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी और विश्वास जताया कि नई टीम संगठन को नई दिशा देगी।

सभी सदस्यों के साथ मिलकर समस्याओं का त्वरित समाधान, विभागीय समन्वय और ठेकेदार हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। सभी जीते हुए प्रत्याशियों को चुनाव में विजय होने पर प्रमाण पत्र देने के बाद कार्यक्रम के पश्चात सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में पूर्व सचिव हरिशंकर मुखर्जी, मनोज सिंह, विपुल राय, शरद मिश्रा, केवि सुरेश, नवीन राय, राजेंद्र सक्सेना, जय वर्गिस, विजय सोढी, बाबूराव,मंजू छलीवाल, आसिफ सिद्दीकी, माधवराव, विनोद, निशु त्रिवेदी, जयप्रकाश सोनी, निमाई पाल, पीयूष राय, राजेश सोनी, अंकित चौहान, रमेश लोहार, राजू शर्मा अनेक ठेकेदार मौजूद थे।

## मुस्कान की सफलता को बताया- सुकमा का गौरव

# होनहार बिटिया का एसपी ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा



जिले की होनहार छात्रा कु. मुस्कान टावरी ने एमएससी (फाइनल ईयर) की परीक्षा में 90.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर सुकमा पुलिस एवं माहेश्वरी समाज द्वारा सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

■ एमएससी में 90 .50 प्रतिशत अंक लाने वाली मुस्कान टावरी का हुआ सम्मान

### समाज और प्रदेश का नाम रोशन करें

पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर के निर्देशन में जिले की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की पहल के तहत मुस्कान टावरी को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। एसपी ने मुस्कान की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि जिले के युवा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और प्रदेश का नाम रोशन करें, यही सुकमा पुलिस की भी अपेक्षा है। उन्होंने मुस्कान को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### समाज ने भी दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर छिंदगढ़ माहेश्वरी समाज के रामलाल गांधी, जगदीश माहेश्वरी, आईदान टावरी एवं ओमप्रकाश भूतड़ा तथा सुकमा माहेश्वरी समाज के भीकमचंद राठी, ललित गांधी सहित अन्य समाजजन अनिल टावरी के निवास पहुंचे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुस्कान टावरी का सम्मान किया और उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

### जिले का गौरव है

समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि बेटियों की शिक्षा और उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना समाज के लिए प्रेरणादायक है। मुस्कान की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे माहेश्वरी समाज और सुकमा जिले का गौरव बढ़ाया है। अंत में सुकमा पुलिस ने भी कु. मुस्कान टावरी एवं उनके परिवार को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# अब आपके आंगन तक पहुंचेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा



नक्सल प्रभावित सुदूर अंचलों में सुरक्षा के साथ-साथ जनविश्वास कायम करने की दिशा में सुकमा पुलिस लगातार अभिनव पहल कर रही है। इसी कड़ी में शुरू किया गया निवा दुवड़ ते (आपके आंगन में) अभियान ग्रामीणों के बीच पुलिस और जनता के रिश्ते को नई मजबूती दे रहा है। स्थानीय बोली में संचालित यह अभियान पुलिस की संवेदनशील कार्यशैली का परिचायक बनकर उभरा है।

■ सुकमा पुलिस की नई पहल से गांव-गांव बढ़ रहा भरोसा

रविवार को थाना केरलापाल क्षेत्र के दूरस्थ एवं संवेदनशील गांवों में पुलिस टीमों ने चैपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। स्थानीय भाषा में बातचीत कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं, उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण करने का भरोसा दिया गया तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इससे ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बात रखी और पुलिस के प्रति विश्वास जताया।

### प्रत्येक नागरिक की होगी सक्रिय भागीदारी

पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने बताया कि निवा दुवड़ ते का अर्थ स्थानीय बोली में आपके आंगन में है। इस अभियान का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच विश्वास, संवाद, सहभागिता तथा सहयोग को मजबूत करना है। स्थानीय भाषा और संस्कृति के माध्यम से प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### जनसहयोग बढ़ाने पर जोर

अभियान के तहत ग्रामीणों की समस्याओं का चिन्हांकन, शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण, गांवों की बुनियादी जरूरतों की जानकारी संबंधित विभागों तक पहुंचाना तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जनसहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए भी जागरूक किया गया।

### जनता के द्वार जनता के साथ

सुकमा पुलिस की यह पहल केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि जनसहभागिता और विश्वास पर आधारित पुलिसिंग का सशक्त उदाहरण बनती जा रही है। जनता के द्वार जनता के साथ की भावना के साथ चलाया जा रहा यह अभियान दूरस्थ गांवों में सुशासन, सुरक्षा और विकास की नई उम्मीद जगा रहा है।

# डीएवी किरंदुल ने क्लस्टर लेवल खेलकूद प्रतियोगिता में जीते 49 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ किरंदुल



डीएवी स्पोर्ट्स नेशनल क्लस्टर लेवल एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन दंतेवाड़ा में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में अंडर-14, 17 एवं 19 बालक-बालिका वर्गों में डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कुल 76 पदक (49 स्वर्ण, 9 रजत, 18 कांस्य) अपने नाम किए और जोनल स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

बालक वर्ग में स्वर्ण पदक 21, कांस्य पदक 15, रजत पदक 6, बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक 28, कांस्य पदक 3, रजत पदक 3 मिले। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी एथलीटों ने अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया, जिसमें मनीष कुमार सोरी, सागर बघेल, चंद्रभान साहू, रितिका वेट्टी एवं दीप्ति सोनवानी का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। इस उपलब्धि पर प्राचार्य एसके श्रीवास्तव ने बच्चों को बधाई दी।

विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विजेता खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, हमारे विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से न केवल विद्यालय का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी जोनल स्तर पर भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्णिम सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने सभी क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को आगामी जोनल प्रतियोगिता के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित किया। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता में खेल शिक्षक मनोज कुमार सिंह एवं शिक्षिका तृप्ति प्रसाद का विशेष योगदान एवं कुशल मार्गदर्शन रहा।

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर
जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्रं./202607154400032/01
अ-20(2)/25-26

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय आवेदक ग्रामद्योग विभाग छ.ग. शासन/छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड के द्वारा ग्राम भोण्ड तहसील बस्तर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा ग्राम भोण्ड प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. लामकेर स्थित भूमि ख.नं. स्थित ख.नं. 173 कुल रकबा 0.36 हे. में से 4300 वर्गफुट रिक्त शासकीय भूमि को शासकीय, चराई मद भूमि को घास मद में व्यवस्थापन/ आबंटन, कर ग्रामद्योग विभाग छ.ग. शासन/छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड के नाम से आबंटित/नांमाकित किये जाने हेतु जिला न्यायालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला बस्तर, जगदलपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है ।

उपरोक्त संबध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 05/08/2026 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयील पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
बस्तर

**खबर संक्षेप**

### सुलभ शौचालय में निःशुल्क व्यवस्था के बावजूद वसूला जा रहा 10 रुपए

**जगदलपुर।** नया बस स्टैंड में यात्रियों से टॉयलेट उपयोग के नाम पर 10 रूपए शुल्क वसूले जाने की शिकायत लोगों ने की है। जिसे लेकर यात्रियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही थी। यात्रियों के शिकायत के बाद जब हरिभूमि ने रियल्टी चेक किया तो पाया कि बस स्टैंड के 3 सुलभ में से 1 में केवल निःशुल्क यूरिन का स्टीकर लगा था। वो भी कपड़े से ढंक कर रखा गया था। महापौर संजय पांडे के बोलने के बाद भी सुलभ संचालकों द्वारा यूरिनल के उपयोग के लिए 10 रुपए लिया जा रहा है। महापौर के आदेश की अवहेलना के संबंध में पूछे गए सवाल पर सुलभ संचालक ने कहा कि हमारे द्वारा स्टीकर लगाया गया था किसी ने निकाल लिया। ज्ञात हो यहां अक्सर यात्रियों का आना जाना रहता है। बाहर के व्यक्ति विवाद से बचने के लिए 10 रुपए शुल्क दे देते है जबकि यह पूरी तरह निःशुल्क है। सुलभ संचालक ने भविष्य में इस सुविधा के लिए कोई शुल्क नहीं लेने की बात का भरोसा दिलाया है।

### उद्यानिकी विभाग की सहायता से बदली किसान की तस्वीर

**बीजापुर।** जिले के उसूर विकासखंड के ग्राम पुतकेल निवासी किसान एर्रागोला राजेन्द्र ने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन और शासकीय योजना का लाभ लेकर अपनी खेती को लाभकारी बनाया है। पहले वे धान की खेती के अलावा शेष भूमि पर कोई अन्य फसल नहीं लेते थे। आय बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने उद्यानिकी विभाग से संपर्क कर मिर्च की खेती एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शुरुआत में मिर्च की खेती में लागत अधिक और लाभ कम होने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस दौरान उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने उन्हें मल्चिंग तकनीक अपनाने की सलाह दी। विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन (योजना के अंतर्गत 32,000 की अनुदान राशि प्रदान की गई, जिससे उन्होंने मल्चिंग शीट का उपयोग कर मिर्च की खेती शुरू की। मल्चिंग तकनीक अपनाने से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

# बूथ स्तर पर चलेगा व्यापक जनसंपर्क, तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में जुटें कार्यकर्ता

## हर घर तक पहुंचे राष्ट्रभक्ति का संदेश : यशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

भारतीय जनता पार्टी के बस्तर संभाग प्रभारी यशवंत जैन का बस्तर संभाग का संगठनात्मक दौरा लगातार जारी है। रविवार को बीजापुर प्रवास के बाद सोमवार को उन्होंने सुकमा एवं कोंटा का दौरा कर पार्टी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

बस्तर संभाग प्रभारी यशवंत जैन द्वारा सुकमा जिले की बैठकों में आगामी 'हर घर तिरंगा' अभियान और प्रदेशभर में प्रस्तावित तीन हजार स्थानों पर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। यशवंत जैन ने मंडल स्तर तक संगठन को सक्रिय करते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका तय करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि हर घर तक राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचाना है। इसके लिए मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने और तिरंगा यात्रा को जन-जन का उत्सव बनाने का आह्वान किया।

### पूरी उर्जा के साथ जुटे कार्यकर्ता

यशवंत जैन ने संगठनात्मक मजबूती पर बल देते हुए कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। आगामी कार्यक्रमों में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जुटें, ताकि बस्तर संभाग में संगठन और अधिक सशक्त होकर सामने आए।



### 10 से 15 तक होगी तिरंगा यात्रा

प्रदेश भाजपा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 10 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान तथा प्रदेश के करीब तीन हजार स्थानों पर तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में बस्तर संभाग प्रभारी यशवंत जैन लगातार जिलों का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं और संगठन को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान, जिला कार्यालय में हुई कार्यशाला

# भाजपा चलाएगी सामाजिक समरसता अभियान, गुरु पूर्णिमा से होगा आरंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता अभियान राष्ट्रीय स्तर पर आरंभ कर रही है। जो 29 जुलाई से 27 फरवरी तक निरंतर समूचे देश में चलाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर तिरंगा अभियान भी भाजपा चलायेगी और आमजन को राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत कार्यक्रम में लोगों को जोड़ेगी। सोमवार को जिला कार्यालय में इन दोनों अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर प्रभारी सतीश लाटिया शामिल रहे। कार्यशाला में उन्होंने संत के जीवन पर प्रकाश डालते अवगत कराया कि गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई से सामाजिक समरसता अभियान पूरे भारत में भाजपा सात महीने तक निरंतर चलाया जायेगा। जिसमें बूथ स्तर, मण्डल स्तर तक विविध आयोजन लगातार होंगे। सामाजिक समरसता का संदेश देने इस अभियान में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता सहभागिता निभायेंगे और आमजन को भी इस पावन अभियान में जोड़ा जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान इस वर्ष भी भाजपा जोश-खरोश के साथ मनायेगी। उन्होंने सभी कार्यकतार्ओं से अभियान में महती भूमिका सुनिश्चित करने कहा।

जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। सामाजिक समरसता अभियान का जिला संयोजक रजनीश पाणिग्रही एवं हर घर तिरंगा अभियान का परीसराम बेसरा को नियुक्त किया गया है।

### ये रहे मौजूद

कार्यशाला में पूर्व विधायक लच्छू राम कश्यप, सुधीर पाण्डेय, रामाश्रय सिंह, जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पाण्डेय, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, आर्येंद्र सिंह आर्य, रामकुमारी यादव, सफीरा साहू, लखीधर बघेल, फूल सिंह सेठिया, मनोहर ठाकुर, संतोष बघेल, माहेश्वरी ठाकुर, अभिलाष यादव, विनय सोना, नीलाम्बर सेठिया, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, पुरूषोत्तम जोशी, प्रवीण सांखला,हरिराम मण्डावी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहर में घूम-घूमकर चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 5 मोबाइल और पर्स बरामद कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

शहर में घूम घूमकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली महिला को कोतवाली पुलिस ने डिमरापाल मेडिकल कॉलेज के सामने से गिरफ्तार किया है। आरोपिया के कब्बे से चोरी की पर्स के अलावा एक लाख रूपए से अधिक कीमत की पांच मोबाईल बरामद किया गया है।

चोरी के मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं एएसपी माहेश्वर नाग, सीएसपी सुमित कुमार के निर्देश में विशेष टीम गठित की गई थी।

कोतवाली टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि 22 जुलाई की सुबह पथरागुड़ा निवासी प्रार्थिया के घर से एक लेडीज पर्स और मोबाइल फोन चोरी हुई थी उस महिला चोर को पकड़ने मे पुलिस ने सफलता हासिल की है। घटना के तुरंत बाद चोरी को पकड़ने गठित विशेष टीम लगातार पतासाजी कर रही थी। पता तलाश के दौरान पथरागुडा एवं शहर के विभिन्न स्थानों में लगे सीसीटीव्ही फूटेज का अवलोकन किया गया। सीसीटीव्ही फूटेज के आधार पर एक महिला 2 बच्चों को लेकर शहर में घूम घूमकर घरों में चोरी करने की जानकारी मिली। खोज बीन के दौरान डिमरापाल अस्पताल के सामने बने शेड में मिली जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अंजली उर्फ माधुरी मोदी पति टेनू मोदी 32 साल निवासी टितलागढ ईटा भट्टी पारा जिला बलांगीर ओडिशा हाल निवासी डिमरापाल अस्पताल के सामने खाली शेड में रहना बताया। उसके इंद्रावती पुल के नीचे पर्स में 5 नग मोबाइल छुपा के रखना स्वीकार किया जिसे बरामद किया गया। उसने स्वीकार किया कि शहर के अलग अलग क्षेत्र से मोबाइल चोरी की थी जिसे बरामद कर जब्त किया गया। आरोपिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में प्रशिक्षु पुलिस अधीक्षक सुमित चंद्रा, निरीक्षक लीलाधर राठौर, एसआई अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक राजू टोप्पो, उमा भगत, आरक्षक रीना, पुनीता ठाकुर, संगीता ठाकुर व संगीता नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कोबरा कॉम्प्लेक्स में हर्षोल्लास के साथ मना सीआरपीएफ का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कोबरा कॉम्प्लेक्स करनपुर में सोमवार को कोबरा वाहिनियों ने सीआरपीएफ का 88 वां स्थापना दिवस बड़े ही सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया। इस अवसर पर अमित चौधरी, कमांडेंट-201 कोबरा और संतोष कुमार मल्ल, कमांडेंट-204 कोबरा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

201 तथा 204 कोबरा द्वारा संयुक्त रूप से शहीदों को सलामी देते हुए पुष्पांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात कमांडेंट ने शहीद जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा हेतु दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

ज्ञात हो कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना 27 जुलाई 1939 को क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में हुई थी। तत्पश्चात 28 दिसंबर 1949 को सीआरपीएफ अधिनियम लागू होने के बाद इसका नाम केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) रखा गया। तब से लेकर आज तक यह बल राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, आतंकवाद एवं नक्सलवाद विरोधी अभियानों सहित विभिन्न चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरुस्कार वितरण भी किया गया।



## पूर्व सैनिकों ने कारगिल के अमर शहीदों को याद किया

**जगदलपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सिरासार चौक में पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कारगिल विजय गाथा का स्मरण किया।

कारगिल युद्ध में सहभागी रहे पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया तथा उनके द्वारा युद्ध के अनुभव साझा किए गए। वक्ताओं ने कारगिल के वीर शहीदों के अदम्य साहस, पराक्रम एवं सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनके त्याग और शौर्य के कारण आज देश सुरक्षित एवं गौरवान्वित है। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, मीडिया प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि एवं विजय गाथा कार्यक्रम के उपरांत पूर्व सैनिकों ने शहर में बाइक रैली निकाली।

पूर्व सैनिको ने आम नागरिकों से भी देश के वीर सैनिकों के त्याग और बलिदान का सम्मान करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

# आतंकवाद एवं वामपंथी उग्रवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला कर रहा सीआरपीएफ : डीआईजी

- 80 बटालियन ने बल का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**जगदलपुर।** 80वीं वाहिनी केरिपुबल के कैंप परिसर में आज एस अरूल कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज के मार्गदर्शन में सुबीर राय, द्वितीय कमान अधिकारी एंव सभी राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया।



पुलिस उप महानिरीक्षक ने स्थापना दिवस के अवसर पर संदेश देते बल के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सभी कार्मिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ देश की आंतरिक सुरक्षा का प्रमुख बल है, जो कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आतंकवाद एवं वामपंथी उग्रवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने, चुनावी सुरक्षा तथा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है और सत्य निष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर रहा।

कार्यक्रम के दौरान शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। इसके पश्चात सैनिक सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें सीआरपीएफ की उपलब्धियों एवं वीर गाथाओं के बारे में बताया गया। साथ ही पौधारोपण, खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं मिठाई वितरण का आयोजन किया गया। सायंकाल जवानों के लिए बड़ा खाना आयोजित किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्थापना दिवस समारोह में रेंज जगदलपुर एंव 80 वाहिनी के अधिकारी दिनेश कुमार, द्विकमा, पुरुषोतम कुमार, द्वि कमा, अमित रजंन झा, उपकमा, मनिष सक्सेना उपकमा, वेणुबाबु सुननापा, उपकमा, एम. विनय कुमार, चिकित्सा अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# राजेश को पराजित कर मानसिंह बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- तृतीय न्यायिक कर्मचारी संघ का हुआ चुनाव



जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को तृतीय न्यायिक कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में मानसिंह बघेल ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज करते हुए राजेश कुमार पांडेय को पराजित किया। परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों और कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया। मानसिंह बघेल ने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि न्यायिक कर्मचारियों के विश्वास और एकजुटता की जीत है। संघ का उद्देश्य कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराना और न्यायिक स्थापना में बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे संवेदनशील और दूरस्थ संभाग में कार्यरत तृतीय वर्ग के कर्मचारियों को सुरक्षित और तनावमुक्त कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। साथ ही संघ के भीतर किसी भी प्रकार के मतभेद या गुटबाजी को समाप्त कर सभी कर्मचारियों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पदोन्नति, क्रमोन्नति, चिकित्सा प्रतिपूर्ति सहित कर्मचारियों की लंबित मांगों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश और न्यायालय प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। इसके अलावा न्यायालयों में बढ़ते डिजिटलीकरण को देखते हुए कर्मचारियों के लिए कंप्यूटर और तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था कराने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने संघ के संचालन में पारदर्शिता बनाए रखने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि संघ के कोष, संपत्तियों और निर्णयों का उपयोग पूरी निष्पक्षता और जवाबदेही के साथ किया जाएगा। साथ ही तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों को संयुक्त रूप से उठाया जाएगा।



कमाण्डेन्ट ने बल के इतिहास एवं उपलब्धियों की जानकारी जवानों को दी

## सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर याद किए गए शहीद जवान

**दरभा।** 241 बस्तरिया बटालियन ने 27 जुलाई को सेडवा बस्तर स्थित बटालियन मुख्यालय के कैम्प परिसर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 88 वीं स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर हरविंदर सिंह कमाण्डेन्ट ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा बल के शहीद जवानों को याद करते हुए शहीदों को माल्यार्पण किया। सैनिक सम्मेलन में जवानों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने केरिपु बल के इतिहास एवं उपलब्धियों के बारे में जवानों को बताया एवं जवानों के बीच मिष्टान वितरण किया। स्थापना दिवस समारोह में हरविंदर सिंह कमाण्डेन्ट के साथ संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकरी, निरंजन कुमार निराला, उप-कमाण्डेट, प्रमोद कुमार मीणा, उप-कमाण्डेट एवं निकिता आर. नायडू, वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी और इस वाहिनी के अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारीयों एवं जवानों ने भाग लिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411